जयपुर (राजस्थान) से प्रकाशित एवं दिल्ली, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, गुजरात, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, बिहार, हिमाचल प्रदेश और झारखण्ड राज्यों में प्रसारित

(DAVP-CODE No. 120390) भारत सरकार का रजि. नं. 10311/1965

साप्ताहिक

# हमारा वतन

देश का अपना अखबार

ہمارا وطن ہفت روزہ

संस्थापित 1965



संस्थापक
स्व. श्री राजेन्द्र कुमार 'अजेय'
स्वतंत्रता सेनानी



संरक्षक
बाबू लाल सैनी



सम्पादक
राम गोपाल सैनी

www.hamarawatan.com FOLLOW US:- Hamarawatan | Hamarawatan65 | Hamarawatan3 | YouTube Hamarawatan

वर्ष- 57 | अंक-21 | जयपुर, सोमवार, 7 जून, 2021 | वार्षिक शुल्क 150 रुपये (एक प्रति 3 रु.) | पृष्ठ संख्या 4



# सादगी के साथ मनाया पूर्व विधायक भगवान सहाय सैनी का 69 वां जन्मदिन

- ❐ रक्तदान शिविरो में कुल 608 यूनिट रक्त हुआ एकत्रित
- ❐ श्री फाउंडेशन ने की अनूठी पहल की शुरुआत



**चौमूं (हमारा वतन) चौमूं विधानसभा क्षेत्र में विकास पुरुष के नाम से अपनी पहचान रखने वाले पूर्व विधायक भगवान सहाय सैनी का जन्मदिन कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सादगी के साथ मनाया और लोगों को एक दूसरे की मदद करने का संदेश दिया ।**

### ● श्री फाउंडेशन की अनूठी पहल

श्री फाउंडेशन की ओर से डॉ.सुरेश सैनी व चेयरमैन विष्णु कुमार सैनी के सानिध्य में पूर्व विधायक भगवान सहाय सैनी के जन्म दिवस पर कालाडेरा सीएचसी में 10 पीपीई किट, 95 मास्क, 203 प्लेयर मास्क व 25 लीटर हाइपोक्लोराइड दिया गया। वही रक्तदाताओं को हेलमेट, प्रशस्ति पत्र, मास्क व सैनिटाइजर देकर सम्मान किया गया।

### ● चेयरमैन ने की रक्तवीरों की हौसला अफजाई

नगरपालिका चेयरमैन विष्णु कुमार सैनी ने चौमूं विधानसभा में आयोजित हुए रक्तदान शिविरो पर जाकर रक्तदाताओं की हौसला अफजाई की तथा कार्यकर्ताओं का आभार जताते हुए कहा कि दिनभर बारिश के मौसम के बावजूद भी रक्तदान शिविर सफल हुआ।

### ● जरूरतमंदों को बांटी खाद्य सामग्री किट

गौरतलब है कि कोरोना महामारी में कोई भूखा न सोए कि तर्ज़ पर पूर्व विधायक भगवान सहाय सैनी ने नगर पालिका चौमूं के 45 वार्डो और पंचायत समिति गोविन्दगढ़ कि 49 ग्राम पंचायतों में जरूरतमंदों के लिए खाद्य सामग्री भी वितरित की थी ।



## रक्तदान शिविरो में कुल 608 यूनिट रक्त हुआ एकत्रित

चौमूं विधानसभा क्षेत्र के कई गांवों में रक्तदान शिविर का आयोजन कोरोना गाइडलाइन के तहत आयोजित हुए। जहां चौमूं शहर के बस स्टैंड स्थित सैनी धर्मशाला में आयोजित हुये रक्तदान शिविर मे 263 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ। इसके अलावा पंचायत भवन मोरीजा मे 80 यूनिट , लिटिल किड्स स्कूल गोविंदगढ़ मे 63 यूनिट, राजकीय माध्यमिक विद्यालय कानपुरा मे 38 यूनिट रक्त एवं हनुमान गार्डन अनोपपुरा रोड कालाडेरा में 164 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। जहां कुल 608 रक्तदाताओं ने रक्तदान कर लोगों की जिंदगी बचाने में अपना अहम योगदान दिया। कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने बताया कि दिनभर बारिश का मौसम होने के चलते एवं लोगों के कोरोना का टीका लगा होने से लोग रक्तदान नहीं कर पाए। यदि ऐसी स्थिति नहीं होती तो रक्त दाताओं का आंकड़ा अधिक होता।

### ● सोशल मीडिया पर रही जन्मदिन कि धूम

कांग्रेस पार्टी के आला नेताओं, पदाधिकारियों, पार्षदगणो, अधिकारियों, अधिवक्ताओं, पत्रकारों, संगठनों, संस्थाओं, समाजसेवियों, जनप्रतिनिधियों, आमजन तथा कार्यकर्ताओं द्वारा सोशल मीडिया पर अलग-अलग पोस्ट से, दूरभाष पर व अन्य माध्यमो से पूर्व विधायक को बधाई देकर अपनी भावनाएं साझा की। तो वही पूर्व विधायक ने लोगों द्वारा मिले स्नेह, प्रेम व शुभकामनाएं प्रेषित करने पर आभार जताया तथा आमजन से कोरोना गाइडलाइन की पालना के लिए भी अपील की।

## महामारी के चलते नहीं काटा केक

पूर्व विधायक के जन्मदिन की खास बात यह रही की जन्मदिन के अवसर पर कोरोना महामारी के चलते लगातार दूसरे वर्ष भी पूर्व विधायक ने केक काटकर अपना जन्मदिन नहीं मनाया, बल्कि मानव सेवा से जुड़े हुए कार्य करके अपना जन्मदिन मनाया ।

पूर्व विधायक भगवान सहाय सैनी ने कहा कि चौमूं विधानसभा क्षेत्र का विकास करना मेरी पहली प्राथमिकता है । कोरोना महामारी में इस प्रदेश की जनता ने अपने परिजनों को खोया है । उन परिवारों के साथ मेरी गहरी संवेदनाएं है । जनता का दुख मेरा दुख है, इस कारण जन्मोत्सव को धूमधाम तरीके से नहीं मनाया और सेवा कार्य करते हुए कार्यकर्ताओं को जन्मदिन मनाने की बात कही ।

## यूँ मनाया अपना जन्मदिन

पूर्व विधायक ने अपने जन्मदिन के अवसर पर प्रातः काल कोरोना महामारी से जल्द से जल्द सबको निजात दिलाने की ईश्वर से प्रार्थना की । फिर गौशाला में जाकर गायों को हरा चारा, गुड़ और चने खिलाए । गरीब, असहाय, जरूरतमंद लोगों के लिए एक हजार भोजन के पैकेट वितरित किए । साथ ही चारे की पिकअप भी गौशाला के लिए रवाना की ।







# विधायक रामलाल शर्मा ने हरिद्वार में अस्थि कलश विसर्जन के लिए रवाना की प्रथम बस

चौमूं (हमारा वतन) विधायक रामलाल शर्मा द्वारा वैश्विक महामारी में शुरू किये गए अस्थि कलश संग्रहण अभियान द्वारा एकत्रित किए गए अस्थि कलशों को गंगाजी मे विसर्जन के लिए चौमूँ गढ़ गणेश मंदिर से बस को हरिद्वार के लिए रवाना किया। विधायक रामलाल शर्मा की मुहिम से दिवंगत आत्माओं के अस्थि कलशो के विसर्जन का इंतजार अब खत्म हुआ है।

अस्थि कलश योजना के तहत हरिद्वार के लिए 25 परिवारों के 45 लोगो को गंगाजी में अस्थि कलशो के विसर्जन के लिए बस से भेजा गया है। यात्रियों को बस में बैठने से पहले सभी लोगों को सैनिटाइज कर भोजन के पैकेट भी दिए गए और विधायक रामलाल शर्मा ने परिजनो को माला पहनाकर एवं सामूहिक पूजा करवा कर बस में बैठाया। विधायक शर्मा ने स्वंय के खर्चे से चौमूँ से हरिद्वार के लिए बस सुविधा उपलब्ध करवाई है।



विधायक रामलाल शर्मा ने बताया कि वैश्विक महामारी कोरोना के दौरान लॉकडाउन की वजह से अपने परिजनों को खोने के बाद ऐसे परिवार जो अपने दिवंगत आत्मा की अस्थियों को गंगा जी में विसर्जन नहीं कर पाए थे, आज ऐसे 25 परिवारों के 25 अस्थि कलशों को बस द्वारा गंगा जी में विसर्जन के लिए भेजा गया है।इस मौके पर जयपुर जिला देहात उत्तर उपाध्यक्ष बजरंग लाल सोनी, नगरपालिका पूर्व अध्यक्ष आशीष दुसाद, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष गजानंद कुमावत, पार्षदगण, जनप्रतिनिधि व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# रतलाम शहर कांग्रेस कमेटी ने श्रद्धा व संकल्प के साथ मनाई नेहरू जी की पुण्यतिथि

रतलाम (हमारा वतन) भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरु की पुण्यतिथि पूर्ण श्रद्धा एवं संकल्प के साथ सज्जन मिल चौराहे पर प्रतिमा को माल्यार्पण कर मनाई गई ।

इस अवसर पर पंडित नेहरू को याद करते हुए शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष महेंद्र कटारिया ने कहा की पंडित नेहरू जी को देश उनकी विकासशील नीति एवं आधुनिक भारत के स्वप्न दृष्टा के रूप में जानता है । नेहरु ने अपना सर्वस्व आजादी की लड़ाई में दांव पर लगा दिया था । लंबा समय आजादी के लिए जेल में बिताया । आजाद भारत में उनकी सोच भाखड़ा नांगल बांध ,ऐम्स ,आईआईटी, परमाणु संयंत्र, इस्पात कारखाने के रूप में नजर आती है । नेहरू आधुनिक भारत के स्वप्न दृष्टा एवं धर्मनिरपेक्ष नीति के प्रतीक थे । आदिवासी दलित समाज के पंचमुखी विकास के पक्षधर थे ।

इस अवसर पर मध्यप्रदेश महिला कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष यास्मिन शेरानी, पूर्व सांसद प्रतिनिधि राजीव रावत, ब्लॉक अध्यक्ष बसंत पंड्या, कमरुद्दीन कछवाहा, महामंत्री शैलेंद्र सिंह अठाना, कुसुम चाहर, संजय खंडकर ,विजय पंड्या, शेरू, राहुल राठौड़, दीपक सेन आदि उपस्थित रहे ।



## टीकाकरण अभियान : सार्थकता बनाम प्रश्नचिन्ह

अंततः एक लंबे संघर्ष,असंख्य मौतें, बेरोजगारी,भुखमरी, चीखें एवं चीत्कार के बाद,जब भारत में करीब एक करोड़ लोगों के संक्रमित होने और 1,52,093 लोगों की मौत के बाद,कॉवेक्सीन और कोविशिल्ड टिके के साथ महामारी को मात देने के लिए,प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पूरे देश भर में 16 जनवरी से टीकाकरण अभियान शुरू किया था। जिसके पहले चरण में स्वास्थ्य कर्मी एवं सफाई कर्मियों को,दूसरे चरण में फ्रंट लाइन वर्कर्स को टिका लगाया जाना सुनिशित किया गया,इसके बाद गंभीर बीमारियों से ग्रसित एवं 45 वर्ष से अधिक उम्र वालों को टिका लगाया जाना था। 1 मई से 18 वर्ष से अधिक उम्र वालों को भी टीका लगाया जा रहा है।

भारत में टीकाकरण के पहले दिन 3,352 केन्द्रों पर 1,91,181स्वास्थ्यकर्मी एवं सफाईकर्मियों को टीके की पहली खुराक दी गयी थी। माना जा रहा है कि कोरोना से जंग के खिलाफ वैक्सीन एक संजीवनी के समान है। ऐसा कहा जा रहा है की वैक्सीन की दोनों डोज़ लगाना अनिवार्य है। इससे संक्रमण का खतरा ना के बराबर रहता है और यदि हो भी गया तो गंभीरता की स्थिति बहुत कम होती है।

इन सभी के बीच डॉक्टर के.के अग्रवाल का निधन वैक्सीन की सार्थकता पर कई सवाल खड़े कर रहा है,क्योंकि उन्होंने 15 दिन पहले दोनों डोज़ ले ली थी। विशेषज्ञों की मानें तो टीकाकरण ही एक मात्र प्रभावी उपाय है जो संक्रमण को रोक सकता है। दरअसल टीकाकरण के बाद भी अगर किसी को संक्रमण हो जाये तो यह ब्रेक थ्रू इन्फेक्शन कहलाता है। डॉक्टर बलराम भार्गव ने एक प्रेस वार्ता में बताया कि प्रति 10000 वैक्सीनेशन में सिर्फ 2 या 3 मामले देखने को मिले हैं जिन्हें ब्रेक थ्रू इन्फेक्शन हुआ पर उनमें भी अस्पताल में भर्ती करने की नौबत न के बराबर होती है।

इसलिए जरूरी है कि हम सभी अपनी बारी आने पर वैक्सीन अवश्य लगवाएं एवं आस पास जागरूकता भी फैलाये। डरें नहीं वैक्सीन लगवाएं एवं अपने आप को एवं आपके अपनों को सुरक्षित करें । दवाई भी और कड़ाई भी के मूलमंत्र को नहीं भूलना है। पूरी तरह से कॉविड प्रोटोकॉल की पालना करनी है।

**हारेगा कोरोना और जीतेगा हिंदुस्तान। - योगिता शर्मा, जयपुर**

# रुक्क्ष्मणी कुमारी का द ब्लेसिंग बॉक्स करेगा जरूरतमंदों की मदद

जयपुर (हमारा वतन) कोरोना महामारी के कारण बेरोज़गार हो चुके लोक कलाकारों और मजदूरों की अब मदद करेगा द ब्लेसिंग बॉक्स। जी हाँ हम बात कर रहे हैं ऑल इंडिया प्रोफेशनल्स कांग्रेस और स्टार फाउंडेशन के सहयोग से कोरोना महामारी के चलते बेरोज़गार हो चुके लोक कलाकारों और मजदूरों को राशन बैग वितरित करने की पहल की ।




ऑल इंडिया प्रोफेशनल्स कांग्रेस की प्रदेशाध्यक्ष और स्टार फाउंडेशन की निदेशिका रुक्क्ष्मणी कुमारी ने बताया कि हमने इस पहल का नाम द ब्लेसिंग बॉक्स रखा है । इसका उद्देश्य उन परिवारों का समर्थन करना है जो कोविड से बुरी तरह से प्रभावित हुए हैं। AIPC राजस्थान टीम ने जयपुर में पानीपेच-बनीपार्क क्षेत्र के पास लोक कलाकारों को ऐसे पहले 80 बैग वितरित किए। इस दौरान मास्क, सैनिटाइजर और पानी की बोतलें भी बांटी गईं।

## डॉ. नरेंद्र जोशी लायंस क्लब अध्यक्ष मनोनीत

जयपुर (हमारा वतन) लायंस क्लब जयपुर सुप्रीम की आगामी वर्ष की नवीन कार्यकारिणी की घोषणा की गई। जिसमें लायन डॉ. नरेंद्र जोशी को अध्यक्ष, लायन शिवचरण शर्मा को सचिव, लायन डॉ. आनंद रावल को कोषाध्यक्ष, लायन तिलक राज आहूजा को मेंबरशिप कमेटी का चेयरमैन तथा लायन डॉ. केजी चौपड़ा को उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। क्लब सदस्या लायन रोमा रीना ने बताया कि डॉ. नरेंद्र जोशी एवम सदस्यों द्वारा अभी कोविड हेल्पलाइन व्हाट्सएप ग्रुप्स बनाकर सैंकड़ों कोरोना संक्रमितों की लगातार सेवा तथा सहयोग किया जा रहा है।



## झोटवाड़ा पुलिस थाने को प्रदान किए मास्क व सैनिटाइजर

जयपुर (हमारा वतन) कोरोना महामारी में डॉक्टर्स के बाद पुलिस विभाग का बड़ा योगदान है । चंद्रकला चेरिटेबल ट्रस्ट और टीम इन्द्र वशिष्ठ के तत्वावधान में झोटवाड़ा थाने में थानाधिकारी विक्रम सिंह राठौड़ को मास्क व सैनिटाइजर प्रदान किए । राष्ट्रीय संरक्षक पंडित रविंद्र आचार्य ने बताया कि झोटवाड़ा थाना अधिकारी विक्रम सिंह राठौड़ का कार्य बहुत ही सराहनीय रहा है । इस वैश्विक महामारी में उन्होंने काफी जन सेवा की है । टीम इन्द्र वशिष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष और चंद्रकला चेरिटेबल ट्रस्ट की फाउंडर चन्द्रकला गोठवाल ने कहा की हमारी संस्था लगातार कोरोना योद्धाओं की सेवा में लगी है, क्योंकि इनके जीवन को सुरक्षित रखना जरूरी है ।

# कोरोना से दिवंगत पत्रकारों के आश्रितों को दी जाए सरकारी नौकरी

जयपुर (हमारा वतन) जार राजस्थान ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को पत्र लिखा कि कोरोना से जान गंवाने वाले पत्रकारों केबच्चों की शिक्षा व स्वास्थ्य की जिम्मेदारी सरकार उठाए।

कोरोना से जान गंवाने वाले पत्रकारों के आश्रित परिजनों पर आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। संकट की इस घड़ी में कोरोना से दिवंगत पत्रकारों के आश्रित परिजनों को सरकारी कार्मिकों की तरह सरकारी नौकरी दिए जाने की मांग की गई है। इस संबंध में जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन ऑफ राजस्थान (जार) ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को पत्र लिखा है।

संकट में
पत्रकार

पत्र में जार के प्रदेश अध्यक्ष राकेश कुमार शर्मा व प्रदेश महासचिव संजय सैनी ने बताया कि राज्य सरकार ने पत्रकार हित में मीडियाकर्मियों को फ्रंटलाइन वर्कर मानते हुए वैक्सीनेशन में प्राथमिकता समेत अन्य सुविधाएं दी है। साथ ही कोरोना से मौत होने पर अधिस्वीकृत पत्रकारों को पचास लाख रुपये की सहायता देने की घोषणा की है। जो कि सरकार का सराहनीय कदम है। कोरोना की दूसरी लहर में युवा पत्रकार कोरोना की चपेट में ज्यादा आ रहे हैं और बहुत से पत्रकारों की मौत भी हो चुकी है। दो दिन में ही जयपुर के युवा पत्रकार तनवीर अहमद, आशीष शर्मा की कोरोना से मौत हुई। इससे पहले वरिष्ठ पत्रकार श्याम शर्मा, संजय बोहरा, जनार्दन कुलश्रेष्ठ, जितेन्द्र शर्मा, नरेन्द्र सिंह राठौड़, प्रवीण शर्मा आदि पचास से अधिक पत्रकार कोरोना से अपनी जान गंवा चुके हैं। अधिकांश दिवंगत पत्रकार की आयु तीस से पचास साल की है।

पत्र में बताया कि अधिकतर दिवंगत पत्रकारों के बच्चे अभी स्कूल व कॉलेज में पढ़ाई कर रहे हैं। बच्चों समेत परिवार की जिम्मेदारी दिवंगत पत्रकारों की पत्नियों, भाई बहन या बुजुर्ग माता पिता पर आ गई है। ऐसे में इन परिवारों पर आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। पत्र में मुख्यमंत्री से दिवंगत पत्रकारों के आश्रित परिजनों में से एक को सरकारी नौकरी दिए जाने, बच्चों की शिक्षा व स्वास्थ्य की जिम्मेदारी सरकारी स्तर पर किए जाने की मांग की है।

पचास लाख रुपये की सहायता अधिस्वीकृत पत्रकारों के साथ गैर अधिस्वीकृत पत्रकारों को देने, पीआईबी की तर्ज पर कोरोना व अन्य किसी बीमारी से मौत होने पर पांच लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने, कोरोना से पीड़ित पत्रकारों व परिजनों के ईलाज के लिए अस्पताल में भर्ती होने के आवेदन पर डीआईपीआर द्वारा एक लाख रुपये की सहायता दिलवाने, चिरंजीवी योजना में प्रदेश के सभी शहरी व ग्रामीण पत्रकारों को शामिल करने और बीमा राशि सरकार द्वारा वहन करने, पत्रकारों का मेडिकल इंश्योरेंस की सीमा दस लाख रुपये तक किए जाने की मांग की है।

## जॉब्स

1. उत्तर प्रदेश पुलिस,पद ए एस आई, क्लर्क, अकाउंटेंट, पद संख्या 1329, अंतिम तिथि 15 जुलाई 2021
2. उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग, पद मेडिकल ऑफिसर, पद संख्या 3720, अंतिम तिथि 25 जून 2021
3. इंडियन एयर फोर्स, पद एएफसीएटी, एएफसीएटी ग्राउंड ड्यूटी टेक्निकल, पद संख्या 357, अंतिम तिथि 30 जून 2021
4. डीएसएसएसबी, पद पीजीटी, पटवारी, एलडीसी व अन्य, पद संख्या 7236, अंतिम तिथि 24 जून 2021
5. डीएसएसएसबी, पद पीजीटी, पद संख्या 5807, अंतिम तिथि 3 जुलाई 2021
6. ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस ऐम्स ऋषिकेश, पद मेडिकल रिकॉर्ड ऑफिसर, पद संख्या 43, अंतिम तिथि 13 जून 2021
7. भारतीय सेना, पद एसएससी मेन, एसएससी वूमेन, पद संख्या 189, अंतिम तिथि 23 जून 2021
8. भारतीय पश्चिम रेलवे, पद अप्रेंटिस, पद संख्या 3591, अंतिम तिथि 24 जून 2021

# टीना दत्ता ने टॉपलेस फोटो पर गंदी गालियां देने वाले को चखाया मजा, बोला- सॉरी दीदी

टीना दत्ता की तस्वीरें इन दिनों सुर्खियों में हैं। बीते दिनों उन्होंने बोल्ड टॉपलेस फोटोशूट अपने फैन्स के साथ शेयर किया था। इन फोटोज पर लोगों ने तरह-तरह के कॉमेंट्स दिए थे। कुछ को तस्वीरें पसंद आई थीं वहीं कुछ ने उनको ट्रोल किया था। फोटोज पर बेहद अश्लील और घटिया कॉमेंट करने वाले एक ट्रोल की अक्ल टीना ने ठिकाने लगा दी। उसने टीना को डीएम करके माफी मांग ली है, साथ में दी भी लिखा है।



**यूजर ने दी थीं गंदी गालियां-** टीना ने मल्टीकलर्ड पैंट्स में तस्वीरें शेयर की थीं। इस पर एक यूजर ने उनको गंदी गालियां दी थीं। टीना ने इसका स्क्रीनशॉट लेकर अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर लगाया था। इसके साथ यूजर को टैग करके टीना ने लिखा था, क्या यही तुम्हारी परवरिश है? लगता है तुम हर लड़की से ऐसे ही बात करते हो? साइबर पुलिस को टैग करके टीना ने ऐक्शन लेने के लिए भी लिखा था।

**लाइन पर आया ट्रोल, बोला- दी-** कुछ देर बाद टीना ने एक और स्क्रीनशॉट शेयर किया। इसमें यूजर का कॉमेंट दिख रहा है, इसके लिए मुझे बहुत दुख है, दी। इस पर टीना ने लिखा है, और अचानक मैं दी कैसे बन गई... पोस्ट के लिए टीना ने कॉमेंट सेक्शन डीऐक्टिवेट कर दिया है।

**टीना ने फोटोज के साथ लिखा था मैसेज-** टीना ने अपने उन फोटोज के साथ लिखा था, क्या मैंने टेम्परेचर बढ़ा दिया है? मैंने सोचा नया महीना है तो कुछ अलग हो जाए।

# एफआईआर की खबरों के बीच दिशा पाटनी ने शेयर की बोल्ड फोटो, एक्ट्रेस की हॉट अदा हुई वायरल

बॉलीवुड अभिनेत्री दिशा पाटनी और उनके कथित बॉयफ्रेंड एक्टर टाइगर श्रॉफ के खिलाफ बीते दिन मुंबई पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है। इन दोनों पर लॉकडाउन नियम तोड़ने का आरोप लगा है। इन्हीं सब के बीच सोशल मीडिया लवर दिशा पाटनी ने अपनी एक बिकिनी फोटो इंस्टाग्राम पर शेयर कर इंटरनेट पर तहलका मचा दिया है।



**फैंस को भा रही है तस्वीर-** अपनी बोल्ड अदाओं के लिए जानी जाने वाली दिशा सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। वह आए दिन दिशा अपनी बोल्ड फोटो शेयर कर अपने फैंस का मनोरंजन करती रहती हैं। दिशा की यह नई फोटो भी अब इंटरनेट पर वायरल हो चुकी है।

**दिशा ने शेयर की बोल्ड फोटो-** फोटो में आप देख सकते हैं कि स्विमिंग पूल के बीच में बैठीं दिशा कैसे पानी के साथ मस्ती कर रही हैं। इस फोटो में दिशा खुद अपने गीले जुल्फों से लहरें बनाती हुई दिख रही हैं। हालांकि इस फोटो को दिशा ने थ्रोबैक फोटो करार दिया है। दिशा की इस फोटो पर उनके फैंस हॉर्ट, फायर और एक्साइटमेंट वाली इमोजी शेयर उनकी हॉट फिगर की तारीफें कर रहे हैं।

# जब एक फ्रॉड का शिकार बन गई थीं सोनाक्षी सिन्हा, खुलासा करते हुए शेयर कर थीं फोटो

बॉलीवुड एक्ट्रेस सोनाक्षी सिन्हा अपना 34वां जन्मदिन मनाया। आज सोनाक्षी के जन्मदिन पर हम आपको उनसे जुड़ी कुछ खास और रोचक बातों के बारें में बताएंगे, जिसकी चर्चा आज भी होती है। वैसे तो सभी जानते हैं कि सोनाक्षी सिन्हा अपनी पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ में बेहद बोल्ड हैं। वह अक्सर अपनी बात को बेबाकी से रखने के लिए जानीं जाती हैं। लेकिन क्या आपको बता है कि सोशल मीडिया लवर और बॉलीवुड दबंग गर्ल भी एक बार एक फ्रॉड शिकार हो गई थीं और इसका खुलासा उन्होंने सोशल मीडिया पर फोटो शेयर करते हुए की थीं। अगर नहीं तो चलिए जानें डिटेल्स में...




**ऑन लाइन हुआ था फ्रॉड-** सोनाक्षी सिन्हा को ऑन लाइन शॉपिंग बहुत ही पसंद है। लेकिन एक बार उन्हें ऑनलाइन शॉपिंग करना काफी भारी पड़ गया था। इस बात का खुलासा खुद सोनाक्षी ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट से की थीं। ये बात साल 2018 की है, जब सोनाक्षी ने अमेजन से हेडफोन मंगवाया लेकिन बदले में उन्हें लोहे का टुकड़ा मिला। इस हेडफोन की कीमत 18 हजार रुपए थी।

# फेफड़ों की कार्यक्षमता बढ़ाने का बेहतरीन तरीका है साइकिल चलाना

साइकिलिंग एक मजेदार और फायदेमंद व्यायाम है जो खासतौर से आपके निचले शरीर पर फोकस करती है। पर क्या आप जानती हैं कि यह फेफड़ों को ज्यादा ऑक्सीजन ग्रहण करने के लिए भी तैयार करती है। कोरोनाकाल में इम्युनिटी बढ़ाने पर सबसे ज्यादा ज़ोर दिया जा रहा है और आपके फेफड़ों के संक्रमित होने का खतरा बढ़ रहा है। साथ ही, घर बैठने की वजह से मोटापा और मानसिक अवसाद भी बढ़ रहा है और जिम सेंटर भी बंद हैं। ऐसे में साइकिलिंग करना आपके लिए एक बेहतरीन और मजेदार कसरत साबित हो सकती है।



**जानिये विश्व साइकिल दिवस के बारे में-** साइकिलिंग के बेमिसाल फायदों को लोगों तक पहुंचाने के लिए हर वर्ष 3 जून को विश्व साइकिल दिवस के रूप में मनाया जाता है। अप्रैल 2018 में, संयुक्त राष्ट्र महासभा ने हर साल 3 जून को 'विश्व साइकिल दिवस' मनाने का निर्णय लिया।पिछले तीन सालों में इस दिन को मनाने के लिए एक विषय तय किया जाता है, जिसका ध्यान रखते हुए सभी देश इस दिन को मनाते हैं। साइकिल शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए अच्छी है। साथ ही यह पर्यावरण और अर्थव्यवस्था के लिए भी अच्छी है। इसमें कोई शक नहीं कि साइकिल चलाना एक अद्भुत और मजेदार कसरत है और आपको सक्रिय रखती है। यह एक स्वस्थ जीवन शैली को आकार देने में मदद करती है।तो, आइये जानते हैं साइकिल चलाना आपके लिए कैसे फायदेमंद है?

**1. बेहतर हृदय स्वास्थ्य के लिए-** साइकिल चलाना आपके दिल के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने और हृदय संबंधी गंभीर समस्याओं के जोखिम को कम करने में आपकी मदद कर सकता है। नियमित व्यायाम के रूप में साइकिल चलाना आपके रक्तचाप के स्तर को भी नियंत्रित रख सकता है। उच्च रक्तचाप से आपको हृदय संबंधी स्वास्थ्य समस्याएं होने का खतरा बढ़ जाता है।

**2. स्वस्थ फेफड़ों के लिए-** नियमित रूप से साइकिल चलाने से आपको अपने फेफड़ों के स्वास्थ्य में सुधार करने में मदद मिल सकती है। साइकिलिंग की लयबद्ध, चक्रीय प्रकृति फेफड़ों के लिए बहुत फायदेमंद होती है। साइकिल चलाते समय, फेफड़ों को लगातार ताजा ऑक्सीजन मिलती है और उच्च श्वास दर उनके आसपास की मांसपेशियों को विकसित करती है।

**3. पैरों की मांसपेशियों के लिए-** नियमित साइकिलिंग आपके निचले शरीर के समग्र कार्य में सुधार करती है और आपके पैर की मांसपेशियों को बिना तनाव के मजबूत करती है। यह आपके क्वाड्स, ग्लूट्स और हैमस्ट्रिंग को लक्षित करती है। यह आपके पूरे शरीर के लिए एक अच्छी कसरत है।

**4. वज़न कम करने का आसान तरीका-** साइकिल चलाना उन लोगों के लिए बहुत अच्छा व्यायाम है जो अपने शरीर से तेज़ी से चर्बी घटाना चाहते हैं।

एक घंटे तक साइकिल चलाना आपको 400 से 1000 कैलोरी जलाने में मदद कर सकता है। तो, इस मुश्किल दौर में अपने शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को दुरुस्त रखने के लिए हर रोज़ साइकिल चलाएं!









# फ्रेंच ओपनः सेरेना विलियम्स,वर्ल्ड नंबर 2 डेनियल मेदवेदेव और छठी वरीयता प्राप्त अलेक्जेंडर प्री क्वार्टरफाइनल में पहुंचे

नई दिल्ली। सेरेना विलियम्स सहित वर्ल्ड नंबर-2 डेनियल मेदवेदेव और छठी वरियता प्रापत अलेक्जेंडर ज्वेरेव फ्रेंच ओपन के चौथे दौर में पहुंच गए हैं। खेले गए तीसरे राउंड में सेरेना विलियम्स ने हमवतन डेनियल रोज कोलिन्स को एक घंटे 25 मिनट तक खेले गए मैच में 6-4, 6-4 से हराया। अब तक 23 ग्रैंड स्लैम जीत चुकी सेरेना तीसरी बार फ्रेंच ओपन के चौथे दौर में पहुंची हैं।सेरेना के अलावा महिलाओं में वर्ल्ड की 32 वें नंबर की रूस की खिलाड़ी अनास्तासिया पैवलेंचेनकोवा ने बेलारूस की आर्यना सेबालेंका को 6-4, 2-6, 6-0 से हराकर प्री क्वार्टर फाइनल में पहुंचीं। उनका अगला मुकाबला बेलारूस की विक्टोरिया एजारेंका से होगा।कजाखिस्तान की दो खिलाड़ियों, टूर्नामेंट की 21 वीं सीड एलेना रयबाकिना और 23 वर्षीय स्लोवेनियाई तमारा जिदानसेक, ने भी पहली बार प्री-क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई है।एलेना ने तीसरे दौर में रूसी खिलाड़ी एलेना वेस्नीना को 6-1, 6-4 से हराया। जबकि तमारा ने वर्ल्ड नंबर-68 चेक गणराज्य की कतेरीना सिनियाकोवा को 0-6, 7-6 (5), 6-2 से हराया। एलेना अगला मुकाबला सेरेना से है, जबकि तमारा प्री-क्वार्टर फाइनल में रोमानियाई सोराना क्रिस्टिया और रूस की डारिया कसाटकिना के बीच होने वाले मैच की विजेता से भिड़ेंगी।

# कोहली ने शेयर की एजिस बाउल की सुंदर तस्वीर, यहीं होना है न्यूजीलैंड के खिलाफ WTC का फाइनल मुकाबला

नई दिल्ली। भारतीय टीम न्यूजीलैंड के खिलाफ वर्ल्ड टेस्ट चैम्पियनशिप के फाइनल मुकाबले के लिए साउथैम्प्टन पहुंच चुकी है। टीम 2 जून को भारत से रवाना हुई थी और अगले दिन इंग्लैंड पहुंच गई। भारतीय टीम को अब तीन दिनों तक होटल के अंदर कड़े क्वारंटाइन में रहना है, जिसके बाद खिलाड़ियों को प्रैक्टिस करने की परमिशन मिल जाएगी। टीम इंडिया के साउथैम्प्टन पहुंचने के बाद गुरुवार को रोहित शर्मा, ऋद्धिमान साहा और जसप्रीत बुमराह ने मैदान में ही स्थित अपने होटल के कमरों से एजिस बाउल के साथ अपनी तस्वीरें शेयर की थीं। अब इस लिस्ट में नया नाम भारतीय कप्तान विराट कोहली का भी जुड़ गया है।उन्होंने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर फोटो शेयर की है। विराट ने इस फोटो के साथ एजिस बाउल को टैग किया है। भारत को इस दौरे पर न्यूजीलैंड के खिलाफ वर्ल्ड टेस्ट चैम्पियनशिप के फाइनल मुकाबले के बाद 4 अगस्त से इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज भी खेलनी है।



# अक्षर पटेल ने बताया साउथम्पटन में तीन दिन क्या नहीं कर सकेगी टीम इंडिया

साउथम्पटन। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल और इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेलने के लिए भारतीय क्रिकेट टीम साउथम्पटन पहुंच चुकी है। भारत को इंग्लैंड दौरे पर न्यूजीलैंड के खिलाफ 18 जून से डब्ल्यूटीसी का फाइनल मैच खेलना है और इसके करीब डेढ़ महीने बाद 4 अगस्त से मेजबान टीम के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेलनी है। टीम इंडिया 3 जून को साउथम्पटन पहुंची और तीन दिन तक कोई खिलाड़ी आपस में मिल नहीं सकेंगे। टीम इंडिया के स्पिनर अक्षर पटेल ने इस बात का खुलासा किया है। अक्षर पटेल ने कहा कि डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए एजिस बाउल मैदान में प्रैक्टिस करने से पहले टीम इंडिया को तीन दिन के कड़े आइसोलेशन से गुजरना होगा, जिसमें खिलाड़ियों को एक-दूसरे से भी मिलने की इजाजत नहीं होगी।



टिकिट

हमारा वतन साप्ताहिक
HamaraWATANWeekly संस्थापित 1965 ہمارا وطن ہفت روزہ
राष्ट्रीय विचारधारा की सर्वोत्तम अभिव्यक्ति का प्रतीक

**क्या ख़ाक़ लिखे कोई, बरगश्ता ज़माना है,**
**कांटों पै भी चलना है, दामन भी बचाना है।**

## अति आवश्यक सूचना

पाठकों व विज्ञापनदाताओं से निवेदन है कि जिनका सालाना सदस्यता शुल्क व विज्ञापनों का भुगतान नहीं हो पाया है वे अपना शुल्क 'हमारा वतन वीकली के नाम से खाता संख्या 61079058819' एसबीआई (IFSC Code- SBIN0004227) में या 9214996258 पर फोन-पे, पेटीएम, गुगल-पे पर जमा कराकर सूचित करें।

– सम्पादक

पुनीत प्रतिष्ठा में :-

# प्रकृति को हारने न दीजिए

**प्रकृति रक्षति रक्षिता :** यह सर्वमान्य सिद्धांत है कि यदि हम प्रकृति की रक्षा करेंगे, तो वह हमारी रक्षा करेगी। मनुष्य एवं प्रकृति का संबंध अत्यन्त गहरा और चिरकालिक है। मनुष्य स्वयं प्रकृति का एक अंश है। जिन तत्वों से प्रकृति का जन्म हुआ, वे सभी तत्व मनुष्य के निर्माण में भी सहायक हैं। प्रकृति ने जीव के लिए स्थल, जल, वन और वायु के रूप में एक विस्तृत आवरण निर्मित किया है, जिसे हम 'पर्यावरण' की संज्ञा देते हैं। परंतु आज प्रकृति प्रदत्त जीवनदायी वायु, भूमि और जल प्रदूषण के कारण जीवन घातक बन रहे हैं। प्रकृति को नष्ट करने वालों के बारे में कहा गया है : 'काला धुआं उड़ाने वालों, जल को जहर बनाने वालों। जल्दी सोचो, समझो वरना, सारा खेल बिगड़ जाएगा। प्रकृति उजड़ जाएगी, तो जीवन बहुत पिछड़ जाएगा।' प्रकृति के सान्निध्य में व्यक्ति के भीतर का मौन जागृत हो उठता है। इस मौन को प्राकृतिक नियमों से साधना अत्यंत शांतिदायक होता है। इस अनुभूति से हमारी शिथिल और सामान्य बुद्धि, विवेक, दृष्टि सब जीवन के बारे में उत्कृष्टता से संवर जाती है। जीवधारी चाहे छोटा हो या बड़ा, शांत हो या शोर मचाने वाला, प्रकृति सभी को मिलजुलकर साथ-साथ आगे बढ़ने का मौका देती है। परंतु अभी चिंता है कि प्रकृति के साथ जुड़कर एक संतोषदायक जीवन की संभावना नहीं बढ़ रही है। मिट्टी के कटाव एवं उत्पादकता में कमी से भूख एवं पोषण की समस्या विकराल रूप धारण कर रही है एवं मरुस्थलीकरण बढ़ रहा है। वैश्विक भुखमरी सूचकांक 2020 में भारत को 107 देशों में 94वें स्थान पर दिखाया गया है। भारत को विश्व की एक महाशक्ति बनने के लिए कुपोषण को जड़ से खत्म करना होगा।



राम गोपाल सैनी

# कोविड की चुनौती के बीच पूरी प्रतिबद्धता से गुड गवर्नेंस देने का प्रयास : मुख्यमंत्री




जयपुर (नि.सं.)। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि कोविड महामारी की गंभीर चुनौती के बीच भी राज्य सरकार ने प्रदेशवासियों को पूरी प्रतिबद्धता के साथ गुड गवर्नेंस देने का प्रयास किया है।

जनता से किये गये वादों को हमारी सरकार पूरे संकल्प के साथ धरातल पर उतार रही है। हमारा प्रयास है कि विकास के जो भी काम प्रारंभ हो, वे तय समय सीमा में पूरे हों।

गहलोत गुरूवार को मुख्यमंत्री निवास से जोधपुर विकास प्राधिकरण के माध्यम से जोधपुर में कराये जा रहे 27 विकास कार्यों एवं योजनाओं का वर्चुअल लोकार्पण, शिलान्यास और शुभारम्भ कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने करीब 135 करोड़ 56 लाख रूपये की लागत के 9 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं 3 आवासीय योजनाओं का शुभारम्भ तथा 17 करोड़ 64 लाख रूपये की लागत से 15 विकास कार्यों का शिलान्यास किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि जिन कार्यों की आज नींव रखी गयी है वे सभी निर्धारित समयावधि में पूरे हों।

# टीम इन्द्र वशिष्ट ने कालाडेरा थाने में पेड़ लगाकर मनाया विश्व पर्यावरण दिवस

कालाडेरा (हमारा वतन) विश्व पर्यावरण दिवस पर टीम इंद्र वशिष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष इन्द्र वशिष्ट व कालाडेरा थानाधिकारी हरबेन्द्र सिंह के नेतृत्व में पेड़ लगाए गए । राष्ट्रीयसंरक्षक पंडित रविंद्र आचार्य ने कहा कि देश में महामारी के दौरान ऑक्सीजन की कमी को देखते हुए और पर्यावरण को बचाने ने लिए आज टीम इन्द्र वशिष्ठ के द्वारा वृक्षारोपण किया गया। कालाडेरा थानाधिकारी हरबेन्द्र सिंह द्वारा राष्ट्रीय अध्यक्ष व संरक्षक का आभार व्यक्त किया और सभी से आग्रह किया कि जिन्दगी जीने के लिए पेड़ जरूर लगायें । इस दौरान कालाडेरा सरपंच अशोक शर्मा , विकास कुमावत, मनिष , साधुराम शर्मा, कॉन्स्टेबल रमेश आदि उपस्थित रहे।



# कांग्रेस नेता मनीष यादव ने 24 ग्राम पंचायतों को सूखी खाद्य सामग्री वितरित की



शाहपुरा (हमारा वतन) विधानसभा क्षेत्र शाहपुरा में टीम मनीष यादव के द्वारा कोरोना महामारी की दूसरी लहर में जरूरतमंद परिवारों को पिछले 15 दिनों से घर-घर जाकर खाद्य सामग्री वितरित की गई । कोरोना की इस दूसरी लहर में टीम मनीष यादव विधानसभा क्षेत्र की 24 ग्राम पंचायतों में 16.5 लाख रूपए की लागत से 4200 राहत सामग्री किट जरूरतमंद परिवारों तक वितरित कर चुकी है । मदद की इस श्रृंखला में विधानसभा क्षेत्र के खोरालाड़खानी, छारसा, सुराणा-कुंभावास, देवन, टोडी, नवलपुरा, मामटोरी, खोरी-शेरपुरा, देवीपुरा, पीपलोद, हनुतपुरा-जोधपुरा, करीरी, हनुतिया-मारखी, मुरलीपुरा, धानोता, तिगरिया, अमरपुरा-चारणवास-बरवाडा, निवाणा, देवथला, खेजरोली, निदौंला, महार खुर्द, धवली-आमलोदा सहित 24 ग्राम पंचायतों में राहत सामग्री वितरित की जा चुकी है।



## डॉक्टर आर के सैनी की कोरोना काल में अनूठी पहल

चौमूं (हमारा वतन) जयपुर हेल्थ केयर हॉस्पिटल चौमूं ने कोरोना काल में एक अनूठी पहल की है, जिसमें घर पर ही स्पेशलिस्ट डॉक्टरों द्वारा चेस्ट फिजियोथैरेपी दी जाएगी । हॉस्पिटल निदेशक डॉक्टर आर के सैनी ने बताया कि हॉस्पिटल की तरफ से न्यूनतम दरों में कोरोना से ग्रसित और रिकवर हो चुके मरीजों को घर पर ही चेस्ट फिजियोथैरेपी दी जाएगी । चेस्ट फिजियोथैरेपी से फेफड़ों में ताकत आती है । साथ ही उनका एयरवे साफ होता है तथा ऑक्सीजन लेवल बढ़ता है । मरीज जो कमजोरी महसूस कर रहे हैं उनको जल्दी ही स्फूर्ति का एहसास होता है । मरीज का ऑक्सीजन सैचुरेशन लेवल बढ़ता है । जिसके बाद चलने में न हीं उसकी सांस फूलती है न हीं थकावट महसूस होती है । यह बहुत ही कारगर थेरेपी है जो सभी कोरोना से ग्रसित मरीजों एवं कोरोना से रिकवर हो चुके मरीजों के लिए वरदान साबित हो रही है । इसके साथ ही डॉक्टर सैनी ने बताया कि हमने मरीजों की सुविधा के लिए घर पर ही खून की जांच के लिए सैंपल लेना भी शुरू कर दिया है तथा रीड की हड्डी ,घुटनों से संबंधित समस्या ,लकवा, सेरेब्रल पाल्सी से संबंधित मरीजों को ऑनलाइन परामर्श 9782459191 नंबर पर दिया जा रहा है ।

# होमगार्ड के लिए बड़ी खबर, शुरू होगी 22 साल से रुकी भर्ती पदोन्नति

जयपुर (हमारा वतन) राज्य सरकार ने होमगार्ड महकमे को बड़ा तोहफा दिया है । सरकार ने पहली बार होमगार्ड में भर्ती नियम बनाए हैं । वर्ष 1962 में होमगार्ड एक्ट बना लेकिन भर्ती नियम नहीं बन पाए । इधर भर्ती नियम नहीं होने से वर्ष 1999 से होमगार्ड में भर्ती के साथ ही पदोन्नति पर भी रोक लगी हुई थी । देश में आपदा के समय लोगों को जागरूक बनाने के लिए वर्ष 1962 में चीन से युद्ध के दौरान होमगार्ड संस्था का गठन किया गया । इसके लिए होमगार्ड एक्ट बनाया गया । एक्ट तो बनाया गया लेकिन उस समय भर्ती पदोन्नति के नियम नहीं बने ।



**गृह विभाग के आदेश से हो रही थी भर्ती पदोन्नति**

इधर महकमे में भर्ती पदोन्नति के नियम नहीं बने तो 1972 में गृह विभाग ने एक आदेश जारी कर होमगार्ड में भर्ती पदोन्नति के निर्देश दिए । इधर विभाग के इस आदेश पर विभाग में भर्ती पदोन्नति होने लगी लेकिन कर्मचारी कोर्ट में पहुंचने लगे । ऐसे में कानूनी अड़चन को देखते हुए वर्ष 1999 में होमगार्ड में भर्ती पदोन्नति प्रक्रिया पर रोक लगा दी । इसके बाद से होमगार्ड अधिकारी कर्मचारी लगातार सरकार से मांग कर रहे थे कि भर्ती नियम बनाएं राखी उनकी नियमित रूप से भर्ती पदोन्नति हो सके ।

**विभाग में कार्यों का विस्तार लेकिन भर नहीं पाए पद**

होमगार्ड में भर्ती पदोन्नति पर रोक के बाद विभाग में बड़ी संख्या में पद खाली होने लगे हैं । इधर होमगार्ड के कार्यों में विस्तार हुआ लेकिन कर्मचारियों अधिकारियों की कमी से काम प्रभावित होने लगा ऐसे में विभाग की मांग पर पिछले साल विभाग में होमगार्ड भर्ती नियम बनाने की प्रक्रिया शुरू की । विभाग में सृजित आरक्षी के 233 पद मुख्य आरक्षी के 73 प्लाटून कमांडर के 88 पद खाली है । इनके अलावा मैच में ऐसे कई पद सृजित करने की भी मांग की जा रही है ।

**इन्हें मिलेगा भर्ती प्रमोशन का फायदा**

होमगार्ड में नई भर्ती नियम बनने से आरक्षी, उपचार प्लाटून कमांडर और कंपनी कमांडर को फायदा होगा। नियम बनने के बाद इनकी नियमित भर्ती और पदोन्नति हो सकेगी । प्रहरी के सभी पदों पर सीधी भर्ती होती है वही मुख्य प्रहरी के पद प्रमोशन से भरे जाते हैं । इसी तरह प्लाटून कमांडर के 50त्न पदों पर सीधी भर्ती और शेष 50त्न पदों पर पदोन्नति से भरे जाते हैं लेकिन कंपनी कमांडर के सभी पद प्रमोशन से भरे जाएंगे ।

**क्या है खास भर्ती नियमों में**

नई भर्ती नियमों राजस्थान होमगार्ड सबोर्डिनेट सर्विस रूल 2021 कहलाएंगे ।कार्मिक विभाग में सर्विस रूल की अधिसूचना जारी कर दी है । अब गृह विभाग से अधिसूचना जारी होते ही नियम लागू हो जाएंगे । नई भर्ती रूल्स में डीजी होमगार्ड को अपॉइंटमेंट का अधिकार दिया गया है वहीं, प्लाटून कमांडर के पदों पर भर्ती के लिए राजस्थान स्टाफ सिलेक्शन बोर्ड नियुक्ति जारी होगी ।

खबरों, विज्ञापन एवं सदस्यता के लिए सम्पर्क करें ।
Email-
hamarawatan65@gmail.com
9214996258, 7014468512

RNI No. 10311/1965
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, सम्पादक राम गोपाल सैनी के लिए उदय प्रिन्टर्स 43 ए, माली कॉलोनी, चांदपोल बाहर, जयपुर से मुद्रित तथा वार्ड नं.1, सामोद रोड़ नीमड़ी, ग्राम-मोरीजा, तहसील-चौमूँ, जिला-जयपुर से प्रकाशित , मो. 9214996258, 7014468512
संरक्षक : बाबूलाल सैनी मो: 9352734588
सहायक सम्पादक: राकेश तिवाड़ी
प्रबंध सम्पादक : वली मोहम्मद कुरैशी, मो. 9929610759
सभी प्रकार के वाद-विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर शहर होगा